# ओमशान्ति मीडिया

मूल्यनिष्ठ समाज की रचना के लिए समर्पित

वर्ष -24 अंक - 21 फरवरी-I-2022 (पाक्षिक) माउण्ट आबू Rs. 8.50


# बच्चों के लिए त्रिदिवसीय विंटर कार्निवल का सफल आयोजन

## क्रिसमस की संध्या पर बच्चों ने दी भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

## विभिन्न कलाकार हुए शामिल



**त्रिदिवसीय विंटर कार्निवल में बच्चों के लिए कई प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, बौद्धिक प्रतिस्पर्धा, पेंटिंग, चम्मच दौड़, नींबू प्रतिस्पर्धा आदि शामिल थी। इनमें विजयी बच्चों को इस अवसर पर सम्मानित किया गया।**

**शांतिवन-आबू रोड।** ब्रह्माकुमारी संस्थान के मनमोहिनी वन स्थित ग्लोबल ऑडिटोरियम में बच्चों के लिए आयोजित विंटर कार्निवल में देशभर के करीब पाँच सौ बच्चे तथा उनके माता-पिता शामिल हुए। ब्रह्माकुमारीज़ जयपुर सबज़ोन संचालिका ब्र.कु. सुषमा दीदी ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। इन्हें श्रेष्ठ कर्मों का ज्ञान देकर मानवीय संस्कार सिखाने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि ये बच्चे इस धरती पर सतयुग लाने वाले राजयोगी बच्चे हैं। उन्हें अच्छाई के लिए हमेशा प्रेरित करते रहना चाहिए। ब्रह्माकुमारीज़ शिक्षा प्रभाग अध्यक्ष ब्र.कु. मृत्युंजय ने बच्चों को हर बुराइयों से दूर रहने को कहा। उन्होंने जीवन में साइलेंस का महत्व बताते हुए कहा कि साइलेंस उस सर्वोच्च परमात्मा से जुड़ने का साधन है। आप बच्चे बहुत सौभाग्यशाली हैं जो इतनी कम उम्र में राजयोग को अपने जीवन में अपनाया है। इस अवसर पर शिक्षा प्रभाग की मुख्यालय संयोजिका ब्र.कु. शिविका ने बच्चों को प्रतिदिन की दिनचर्या पूर्ण रूप से फॉलो करने का संकल्प कराया। कार्निवल के दौरान शांतिवन के विशाल डायमण्ड हॉल में आयोजित क्रिसमस सेलिब्रेशन में संस्थान की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. मुन्नी दीदी ने सभी को क्रिसमस एवं कार्निवल की बधाई देते हुए कहा कि सभी बच्चों ने पिछले वर्ष से ऑनलाइन राजयोग क्लास किया और इस वर्ष कार्निवल में आये ये बहुत खुशी की बात है। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे यहाँ से जाने से पहले अच्छे अच्छे मूल्य और गुण अपने जीवन में अवश्य धारण करें। सोनल कौशल,फेमस वॉइस आर्टिस्ट,मुम्बई ने अनेक कार्टून कैरेक्टर्स की आवाज़ों में बोलकर सभी बच्चों का मनोरंजन किया। श्याम पाठक,फेमस टीवी एंड फिल्म एक्टर ने टीवी शो में अपनी भूमिका पोपट लाल के रूप में बोलते हुए बच्चों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि वे यहाँ आकर बेहद खुश हैं। उन्होंने उस भव्य पैमाने की सराहना की जिस पर ब्रह्माकुमारीज़ अपने कार्यक्रम आयोजित करती है। ब्र.कु. सुमन बहन,राष्ट्रीय संयोजिका,शिक्षा प्रभाग, ब्रह्माकुमारीज़ ने सभी का स्वागत किया तथा सेंटा क्लॉस का अभिनंदन करते हुए क्रिसमस का आध्यात्मिक रहस्य स्पष्ट किया। मधुर वाणी ग्रुप ने सुंदर क्रिसमस सॉन्ग पेश किया तथा ब्र.कु. विवेक भाई,कवि एवं लेखक, माउण्ट आबू ने मंच का कुशल एवं सुंदर संचालन किया।



### हर्षोल्लास के साथ हुआ ओ.आर.सी. के 20वें वार्षिकोत्सव का आगाज़

# असम्भव को भी सम्भव कर देता मेडिटेशन



**ओ.आर.सी.-गुरुग्राम।** ओम शांति रिट्रीट सेंटर का 20वां वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से सीबीआई के पूर्व निदेशक एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के महानिदेशक डॉ. डी.आर. कार्तिकेयन ने अपने उद्बोधन में कहा कि ब्रह्मा बाबा द्वारा शुरु किया गया विश्व परिवर्तन का ये महान यज्ञ, नारी शक्ति के नेतृत्व में पूरे विश्व में फैल चुका है। उन्होंने कहा कि जहाँ मेडीकेशन काम नहीं आता वहाँ मेडिटेशन असम्भव को भी सम्भव कर देता है। गिनी की राजदूत फातोमाता बाल्डे ने कहा कि मुझे यहाँ पर ईश्वर के एक होने का अनुभव हुआ। मैंने यहाँ पर पवित्रता और विश्व बंधुत्व के प्रकम्पन महसूस किए। पटौदी के विधायक सत्य प्रकाश ने कहा कि हमारे क्षेत्र में इतना सुंदर आध्यात्मिक परिसर

> **गिनी की राजदूत फातोमाता बाल्डे ने कहा : मुझे यहाँ पर ईश्वर के एक होने का अनुभव हुआ**

हमें गर्व महसूस कराता है। संस्था के अतिरिक्त महासचिव ब्र.कु. बृजमोहन भाई ने कहा कि भगवान यहाँ कांटों जैसे मनुष्य को भी दिव्य गुणों द्वारा चैतन्य फूल बना रहे हैं। यह भगवान का चैतन्य फूलों का बगीचा है। ओ.आर.सी. की निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. आशा दीदी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि ये स्थान सारे विश्व की आत्माओं की सेवा के लिए बनाया गया है। अभी इसका इतना बेहद स्वरूप नज़र नहीं आ रहा लेकिन आने वाले समय में इसकी भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होने वाली है। राजयोगिनी ब्र.कु. गीता दीदी ने कहा कि एक-एक अंगुली के सहयोग से ही ये दुनिया परिवर्तन होगी। कार्यक्रम में ब्र.कु. शुक्ला दीदी, ब्र.कु. चक्रधारी दीदी, ब्र.कु. पुष्पा दीदी, ब्र.कु. विजय दीदी, डॉ. मोहित गुप्ता, टीसीआई के सीएमडी संजीव कुमार, संचार मंत्रालय भारत सरकार की उपनिदेशक अमरप्रीत, डैकन एयरकंडिशन की एमडी एवं सीईओ कंवलजीत जावा ने भी शुभ कामनायें व्यक्त की। सुप्रसिद्ध गायक पंडित बृजेश मिश्रा ने आध्यात्मिक गीतों से अलौकिक छटा बिखेरी। ब्र.कु. सुनैना बहन ने सभी को योग की गहरी अनुभूति कराई। संचालन ब्र.कु. फाल्गुनी एवं ब्र.कु. हुसैन ने किया।

# दुविधा में फंसे मानव को सही राह दिखाता है गीता ज्ञान

**जबलपुर-भंवरताल(म.प्र.)।** गीता जयंती पर ब्रह्माकुमारीज़ के शिव स्मृति भवन में 'जीवन की सफलता में गीता ज्ञान की भूमिका' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में राजयोगिनी ब्र.कु. भावना बहन ने कहा कि आज मानव गुणों से कोसों दूर हो गया है और यही विश्व के पतन का कारण है। गीता ज्ञान मानव को सतोगुणी बनाता है। यह हमारे अंदर स्वराज्य की स्थापना करता है। मुख्य अतिथि पीठाधीश्वर स्वामी डॉ. नरसिंह दास जी महाराज ने



कहा कि जीवन जब प्रतिकूल-अनुकूल के झंझावात में फंसता है, तो गीता ज्ञान ही साधक को रास्ता बताता है। मुख्य वक्ता ब्र.कु. डॉ. पुष्पा पांडे ने गीता ज्ञान को आत्मसात करने के गुर सिखाये। रादुविवि दर्शन विभाग के आचार्य डॉ. तन्मय पाल ने कहा कि गीता ज्ञान निर्णय शक्ति बढ़ाने में सहायक है। योग मनीषी डॉ. शिव शंकर पटेल ने कहा कि गीता जीवन का गीत है। गीताविद् सनत गौतम ने कहा कि गीता समर्पण की शिक्षा देती है। यदि हम ईश्वर के प्रति समर्पित हो जायें तो आत्मिक शक्ति मिलती है। मेडिकल कॉलेज के डॉ. श्यामजी रावत ने विषय वस्तु पर प्रकाश डालते हुए संस्था का परिचय दिया। कार्यक्रम में अनूप देव ही महाराज व अन्य गणमान्य अतिथियों सहित ब्र.कु. वर्षा, ब्र.कु. प्रिया व अन्य भाई-बहनें उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन डॉ. एस.के. पांडे ने किया।